collegebatch.com

**SET-2**

Series AABB1/2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/2/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **13** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **13** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक अंकित किए गए हैं ।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **2** अंकों के **5** प्रश्न, **3** अंकों के **5** प्रश्न तथा **5** अंकों के **3** प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***2** अंकों वाले प्रश्न लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **30 – 50** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।*

*(v)* ***3** अंकों वाले प्रश्न भी लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **50 – 80** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।*

*(vi)* ***5** अंकों वाले प्रश्न दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **80 – 120** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं । परीक्षार्थी ऐसे प्रश्नों में से केवल एक प्रश्न का ही उत्तर दें ।*

*(viii)* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न भी है ।*

**1.** (क) 'श्रमिक जनसंख्या अनुपात' को परिभाषित कीजिए व इसकी उपयोगिता का उल्लेख कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के किन्हीं दो हानिकारक प्रभावों का उल्लेख कीजिए । *2*

**2.** (क) निम्नलिखित कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए :

"कीन्स के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों के अंतर्गत, पूर्ण रोज़गार की स्थिति का होना एक आवश्यक शर्त है ।" *2*

**अथवा**

(ख) "अनैच्छिक बेरोज़गारी एक ऐसी स्थिति है, जहाँ कार्य करने के अनिच्छुक व सक्षम व्यक्ति को प्रचलित मज़दूरी दर पर काम नहीं मिलता है ।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । *2*

**3.** (क) व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय अपनाई जाने वाली किन्हीं दो सावधानियों का उल्लेख कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) 'अंतिम वस्तुओं' व 'मध्यवर्ती वस्तुओं' में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**4.** एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए आय के संतुलन स्तर की गणना कीजिए, यदि यह दिया गया हो कि :

(क) बचत फलन, $S = (-)500 + 0{\cdot}2\ Y$

जहाँ $S$ = बचत, $Y$ = आय

(ख) स्वायत्त निवेश $(I_0)$ = ₹ 1,500 करोड़ *2*

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

(i) *This question paper contains **13** questions.*

(ii) ***All** questions are compulsory. Marks are indicated against each question.*

(iii) *This question paper contains **5** questions of **2** marks each, **5** questions of **3** marks each and **3** questions of **5** marks each.*

(iv) ***2** marks questions are Short Answer Type Questions and are to be answered in **30 – 50** words each.*

(v) ***3** marks questions are also Short Answer Type Questions and are to be answered in **50 – 80** words each.*

(vi) ***5** marks questions are Long Answer Type Questions and are to be answered in **80 – 120** words each.*

(vii) *There is no overall choice in the question paper. However, internal choices have been provided in few questions. The candidates need to attempt only one question from such questions.*

(viii) *This question paper contains Case/Source Based Question also.*

**1.** (a) Define 'Worker Population Ratio' and mention its utility. *2*

**OR**

(b) State any two harmful effects of using chemical fertilizers. *2*

**2.** (a) Justify the following statement :

"Full employment is an essential condition to be fulfilled under Keynesian Economics Principles." *2*

**OR**

(b) "Involuntary Unemployment is a situation where an able bodied person unwilling to work does not get work at the prevailing wage rate." Do you agree with the given statement ? Elucidate briefly. *2*

**3.** (a) State any two precautions to be adopted while estimating National Income by Expenditure Method. *2*

**OR**

(b) Distinguish between 'Final goods' and 'Intermediate goods'. *2*

**4.** Calculate the Equilibrium level of Income for an imaginary economy, if it is given that :

(a) Saving function, S = (–)500 + 0·2 Y

where S = Savings, Y = Income

(b) Autonomous Investments ($I_0$) = ₹ 1,500 crore *2*

collegebatch.com

**5.** द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में समग्र माँग के किसी एक घटक का उल्लेख व विवेचन कीजिए । *2*

**6.** (क) एक उपयुक्त उदाहरण का उपयोग करते हुए, 'दोहरी गणना' की समस्या पर संक्षेप में चर्चा कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) एक उपयुक्त संख्यात्मक उदाहरण का उपयोग करते हुए, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (Real GDP) व मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (Nominal GDP) के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**7.** "एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, यदि नियोजित बचत नियोजित निवेश से कम हो, तो रोज़गार व आय में कमी आती है ।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? उचित स्पष्टीकरण द्वारा अपने उत्तर का समर्थन कीजिए । *3*

**8.** निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, भारत व चीन की अर्थव्यवस्थाओं के किन्हीं दो मापदंडों की तुलना कीजिए : *3*

| क्र.सं. | मदें | भारत | चीन |
|---|---|---|---|
| (i) | मानव विकास सूचकांक (HDI) (मूल्य) | 0·609 | 0·727 |
| (ii) | HDI (रैंक) | 130 | 90 |
| (iii) | जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (वर्षों में) | 68·2 | 75·8 |
| (iv) | प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (GDP) (PPP $ US) | 5,730 | 13,572 |

*स्रोत : HDI रिपोर्ट 2014 एवं WDI*

**9.** "भारत व पाकिस्तान ने लगभग एक ही समय पर अपनी विकास यात्रा आरम्भ की थी, फिर भी दोनों अर्थव्यवस्थाओं ने पृथक्-पृथक् दूरियाँ तय की हैं ।"

मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

**10.** अवस्फीतिकारी अंतराल को परिभाषित कीजिए । उल्लेख कीजिए कि किस प्रकार सरकार कराधान नीति का प्रयोग करके अवस्फीतिकारी अंतराल की स्थिति को नियंत्रित कर सकती है । *3*

collegebatch.com

**5.** State and discuss any one component of Aggregate Demand in a two-sector economy. *2*

**6.** (a) Discuss briefly the problem of 'Double Counting', using a suitable example. *3*

**OR**

(b) Distinguish between Real Gross Domestic Product and Nominal Gross Domestic Product, using a suitable numerical example. *3*

**7.** "In a hypothetical economy, planned savings fall short of planned investments, leading to fall in employment and income."

Do you agree with the given statement ? Support your answer with a valid explanation. *3*

**8.** Based on the given data, compare any two parameters for the economies of India and China : *3*

| S. No. | Items | India | China |
|---|---|---|---|
| (i) | Human Development Index (HDI) (Value) | 0·609 | 0·727 |
| (ii) | HDI (Rank) | 130 | 90 |
| (iii) | Life Expectancy at Birth (in years) | 68·2 | 75·8 |
| (iv) | GDP per capita (PPP $ US) | 5,730 | 13,572 |

*Source : HDI Report 2014 & WDI*

**9.** "India and Pakistan initiated their journey of development, nearly at the same time, yet the two economies have travelled different distances." Justify the given statement with valid arguments. *3*

**10.** Define Deflationary Gap. State, how the government can control the situation of deflationary gap, using the taxation policy. *3*

**11.** (क) (i) निम्नलिखित का अर्थ बताइए :

(I) वैश्विक रुग्णता भार *1*

(II) मृत्यु दर *1*

(ii) संक्षेप में चर्चा कीजिए कि नियमित वेतनभोगी रोज़गार में महिलाएँ कम क्यों होती हैं । *3*

**अथवा**

(ख) (i) व्याख्या कीजिए कि साधारणत: नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों की संख्या शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक क्यों होती है । *3*

(ii) भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की किन्हीं दो मुख्य कमियों का उल्लेख कीजिए । *2*

**12.** यदि व्यय विधि एवं आय विधि द्वारा साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{fc}$) का मूल्य ₹ 920 करोड़ है, तो अनुपस्थित मूल्यों (?) का अनुमान लगाइए : *5*

| क्र.सं. | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 170 |
| (ii) | स्टॉक में परिवर्तन | 140 |
| (iii) | स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 180 |
| (iv) | प्रचालन अधिशेष | ? |
| (v) | सकल घरेलू स्थायी पूँजी निर्माण | 140 |
| (vi) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | ? |
| (vii) | शुद्ध निर्यात | (–) 50 |
| (viii) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 60 |
| (ix) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 470 |
| (x) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 375 |
| (xi) | सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नियोक्ताओं का योगदान | 150 |

collegebatch.com

**11.** (a) (i) State the meaning of the following :

(I) Global burden of disease *1*

(II) Mortality Rate *1*

(ii) Discuss briefly, why less women are found in regular salaried employment. *3*

**OR**

(b) (i) Explain why regular salaried employees are generally more in urban areas than in rural areas. *3*

(ii) State any two main drawbacks of public health care system in India. *2*

**12.** Estimate the missing values (?), if the value of Gross Domestic Product at factor cost ($GDP_{fc}$) by Expenditure Method and Income Method is ₹ 920 crore : *5*

| S. No. | Items | Amount (in ₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Consumption of Fixed Capital | 170 |
| (ii) | Change in Stock | 140 |
| (iii) | Mixed Income of Self-employed | 180 |
| (iv) | Operating Surplus | ? |
| (v) | Gross Domestic Fixed Capital Formation | 140 |
| (vi) | Government Final Consumption Expenditure | ? |
| (vii) | Net Exports | (–) 50 |
| (viii) | Net Indirect Taxes | 60 |
| (ix) | Private Final Consumption Expenditure | 470 |
| (x) | Compensation of Employees | 375 |
| (xi) | Employers' Contribution to Social Security Schemes | 150 |

collegebatch.com

## केस/स्रोत आधारित प्रश्न

*निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए गद्य व सामान्य विवेक के आधार पर प्रश्न संख्या **13 (क)** व **13 (ख)** के उत्तर दीजिए :*

वर्ष 2020 का आरंभ, किसी सदी में एक बार होने वाली महामारी के साथ हुआ, जिसमें प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं ने कोविड-19 से मानव जीवन को बचाने के लिए अथक प्रयास किए । महामारी ने अर्थव्यवस्था और सामाजिक क्षेत्रों में कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न की थीं । सरकारों ने, सभी स्तरों पर, समयबद्ध तरीकों से महामारी का प्रति-उत्तर दिया ।

भारत में मृत्यु दर 1·5% से भी कम रही । भारत अपनी प्रभावी नीति-प्रतिक्रियाओं के कारण लाखों लोगों की जान बचाने में सक्षम रहा । 2020 – 21 में महामारी जनित समस्याओं व तालाबंदी के कारण आजीविका के नुकसान को कम करने के लिए सार्वजनिक व्यय में वृद्धि की गई थी ।

तालाबंदी की अवधि में संगठित क्षेत्र में 'गिग इकोनोमी (Gig Economy)' तथा 'वर्क फ्रॉम होम (Work From Home)' में वृद्धि देखी गई है । आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट 2018 – 19 के अनुसार, 2017 – 18 के 47·14 करोड़ कर्मचारियों की तुलना में 2018 – 19 में बढ़कर कुल 48·78 करोड़ कर्मचारियों की संख्या हुई थी । इस बढ़े हुए 1·64 करोड़ कार्यबल में से 1·22 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों व 0·42 करोड़ शहरी क्षेत्रों में थे ।

महिला श्रम बल की भागीदारी दर 2017 – 18 में 17·5% से बढ़कर 2018 – 19 में 18·6% हो गई थी । 20 दिसंबर, 2020 तक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के शुद्ध वेतन (पेरोल) आँकड़े 2018 – 19 में 61·1 लाख की अपेक्षा 2019 – 20 में 78·58 लाख के नए ग्राहकों की शुद्ध वृद्धि प्रदर्शित करते हैं । PLFS रिपोर्ट ने भी 2019 – 20 की चौथी तिमाही की तुलना में 2020 – 21 की चौथी तिमाही में सुधार दिखाया है ।

पुरुष कार्यबल के अनुपात को ध्यान में रखते हुए, आकस्मिक कर्मचारी की संख्या में 1% की कमी हुई, जबकि स्व-नियोगितों व वेतनभोगी कर्मचारियों में क्रमश: 0·6% तथा 0·4% की वृद्धि हुई है । इसी प्रकार, महिला कार्यबल के संदर्भ में, स्व-नियोजितों में 2% की वृद्धि हुई है, नियमित/वेतनभोगी कर्मचारियों में 0·7% व आकस्मिक कर्मचारियों में 1·4% की कमी आई है ।

*स्रोत : आर्थिक सर्वेक्षण 2020 – 21, द्वितीय खंड, अध्याय 10 (अंश)*

collegebatch.com

## Case/Source Based Question

*Read the following text carefully. Answer questions number **13 (a)** and **13 (b)** on the basis of the given text and common understanding :*

Year 2020 began with the once-in-a-century pandemic, which saw the frontline workers working tirelessly to save human lives from COVID-19. The pandemic caused its ripples on the economy and on social sectors. Governments, at all levels, intervened in a timely manner to respond to the pandemic.

India has one of the lowest case fatalities rates of less than 1·5%. India has been able to save lakhs of lives through its effective policy responses. Public spending on social sector was increased in 2020 – 21 to mitigate the hardships caused by the pandemic and the loss to livelihood due to the lockdown.

The lockdown period saw the growth of the 'gig economy' and increasing 'work from home' in the organised sector. As per the Periodic Labour Force Survey (PLFS) report 2018 – 19, there was an increase in workforce totalling 48·78 crores in 2018 – 19 as compared to 47·14 crores during 2017 – 18. Out of 1·64 crores increased workforce, 1·22 crores were in rural sector and 0·42 crores in urban sector.

The female labour force participation rate increased from 17·5% in 2017 – 18 to 18·6% in 2018 – 19. The net payroll data of Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) as on 20$^{th}$ December, 2020 shows a net increase of new subscribers of 78·58 lakhs in 2019 – 20 as compared to 61·1 lakhs in 2018 – 19. The PLFS report also showed improvement in 2020 – 21 (Quarter 4) when compared to 2019 – 20 (Quarter 4).

Considering the proportion of the male workforce, casual labour decreased by 1% points, while self-employed and salaried workers increased by 0·6% points and 0·4% points respectively. Similarly, in case of female workforce, self-employed increased by 2% points, regular/wage salaried workers decreased by 0·7% points and casual labour decreased by 1·4% points.

*Source : Economic Survey 2020 – 21, Volume II, Chapter 10 (excerpt)*

collegebatch.com

**13.** (क) वर्ष 2020 – 21 की चौथी तिमाही के लिए, भारत में कार्यबल की प्रकृति/वितरण का विश्लेषण कीजिए । *2*

(ख) महामारी के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों का उल्लेख व विवेचन कीजिए । *3*

collegebatch.com

**13.** (a) Analyse the nature/distribution of Indian workforce for the fourth quarter of the year 2020 – 21. *2*

(b) State and discuss any two initiatives taken by the Government to control the adverse impacts of the pandemic. *3*